# MODEL EXAMINATION -

**CLASS X** **HINDI (Course B)**

**Time : 3 hrs.**
**Marks : 80**

**निर्देश :**

i) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं - खंड 'अ' और खंड 'ब'

ii) खंड - 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

iii) दोनों खंड के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

## 'खंड अ' (वस्तुपरक प्रश्न)

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तरवाले विकल्प चुनकर लिखिए।** **5 × 1 = 5**

भारत विशाल देश है। भौगोलिक दृष्टि से यहाँ संसार के सबसे ऊँचे पर्वत, बहुत ठंडे ग्लेशियर, जंगलों से ढके पहाड़, राजस्थान का उष्ण और लद्दाख का शीतल मरुस्थल, उपजाऊ मैदान, दक्षिणी पठार, सदानीरा नदियाँ, सुंदर-सुहावने समुद्री किनारे, चेरापूँजी जैसे अत्यधिक वर्षा वाले स्थान आदि है। लोगों के भिन्न-भिन्न रंग-रूप, रीति-रिवाज़ हैं। हिंदू, जैन, बौद्ध, सिख, मुसलमान और पारसी आदि विविध धर्मों को मानने वाले यहाँ मिलकर रहते हैं जो एक दुर्लभ विशेषता है। जनसंख्या की दृष्टि से संसार का दूसरा बड़ा देश भारत ही है। यह अनेकता रूपी रंगों की इंद्रधनुषी एकता के सूत्र में बँधा हुआ देश है। विश्व इसकी अनेकता में एकता देखकर चकित हो जाता है। भारत के गाँवों में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो दरिद्र, दुर्बल और रोगी नहीं है, जिनको किसी प्रकार का अभाव नहीं; पर ऐसे लोग बहुत ही कम हैं। वे उँगलियों पर गिने जा सकते हैं। किंतु अधिकतर लोग गरीबी और अज्ञान के ऐसे शिकार हो गए हैं कि उनका जीवन पशुओं से भी गया-बीता बन गया है। गरीबी के कारण गंदगी उन्हें हर तरह से और हर तरफ़ से घेरे रहती है। गरीबी उन्हें आलसी बना देती है। कपड़ों का अभाव और जल का अभाव उन्हें गंदा रहने के लिए मज़बूर करता है। जिन गाँवों में कहीं-कहीं अच्छे कुएँ और तालाब हैं उनमें रहने वाले गरीब भी कपड़ों के अभाव के कारण सफ़ाई के साथ नहीं रह पाते। अनेक गाँवों में गरीबों को दूर-दूर के कुओं से सिर्फ़ पीने-भर को पानी लाना पड़ता है।

स्वतंत्रता प्राप्ति के सात दशकों के बाद धीरे-धीरे उनके जीवन में परिवर्तन तो आया है किंतु गति बहुत धीमी है। आज भी उनमें बेरोज़गारी, अशिक्षा, अंधविश्वास व्याप्त है। समुचित चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है। उनके लिए विशेष प्रयास प्राथमिकता के स्तर पर करने होंगे।

1) **भारत की दुर्लभ विशेषता क्या है?**

क) यहाँ गरीब-अमीर मिल-जुलकर रहते हैं ख) यहाँ स्वस्थ-अस्वस्थ मिल-जुलकर रहते हैं

ग) यहाँ विविध धर्मों के लोग मिल-जुलकर रहते हैं

घ) यहाँ विविध देशों के लोग मिल-जुलकर रहते हैं

2) **भारत की एकता को इंद्रधनुषी क्यों कहा गया है?**

क) तरह-तरह के रंगभेद के कारण
ख) तरह-तरह के धर्मों-जातियों की विविधता के कारण
ग) तरह-तरह के रीति-रिवाजों के साथ-साथ रहने के कारण
घ) तरह-तरह के रीति-रिवाजों, रंग-रूप, धर्मों के साथ-साथ रहने के कारण

3) **गाँवों की मूलभूत समस्या क्या है?**

क) भयंकर गरीबी  ख) स्वच्छ जल का अभाव  ग) अस्वच्छता  घ) ये तीनों

4) **आज़ादी के बाद के परिवर्तनों पर क्या चिंता प्रकट की गई है?**

क) परिवर्तन हुए ही नहीं
ख) परिवर्तनों की गति धीमी है
ग) परिवर्तन पर्याप्त नहीं हैं
घ) परिवर्तन गलत हुए हैं

5) **भारत के गाँवों के लोग आलसी क्यों बन गए हैं?**

क) गंदगी के कारण
ख) सूखे के कारण
ग) गरीबी के कारण
घ) अंधविश्वास के कारण

**2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तरवाले विकल्प चुनकर लिखिए।** **5 × 1 = 5**

हँसी भीतरी आनंद का बाहरी चिह्न है। जीवन की सबसे प्यारी और उत्तम से उत्तम वस्तु एक बार हँस लेना तथा शरीर को अच्छा रखने की अच्छी से अच्छी दवा एक बार खिलखिला उठना है। पुराने लोग कह गए हैं कि हँसो और पेट फुलाओ। हँसी कितने ही कला-कौशलों से भली है। जितना ही अधिक आनंद से हँसोगे उतनी ही आयु बढ़ेगी। एक यूनानी विद्धान कहता है कि सदा अपने कर्मों पर खीझने वाला हेरीक्लेस बहुत कम जिया, पर प्रसन्न मन डेमाक्रीट्स 109 वर्ष तक जिया। हँसी-खुशी का नाम जीवन है। जो रोते हैं उनका जीवन व्यर्थ है। कवि कहता है - 'ज़िंदगी जिंदादिली का नाम है, मुर्दा दिल क्या ख़ाक जिया करते हैं।' मनुष्य के शरीर के वर्णन पर एक विलायती विद्धान ने पुस्तक लिखी है। उसमें वह कहता है कि उत्तम सुअवसर की हँसी उदास-से-उदास मनुष्य के चित्त को प्रफुल्लित कर देती है। आनंद एक ऐसा प्रबल इंजन है कि उससे शोक और दुख की दीवारों को ढा सकते हैं। प्राण रक्षा के लिए सदा सब देशों में उत्तम-से-उत्तम उपाय मनुष्य के चित्त को प्रसन्न रखना है। सुयोग्य वैद्य अपने रोगी के कानों में आनंदरूपी मंत्र सुनाता है।

एक अंग्रेज़ डॉक्टर कहता है कि किसी नगर में दवाई लदे हुए बीस गधे ले जाने से एक हँसोड़ आदमी को ले जाना अधिक लाभकारी है।

1) **एक उपयुक्त शीर्षक दीजिए -**

क) हँसी-एक वरदान
ख) प्रसन्नता-एक वरदान
ग) हँसी ही जीवन है
घ) हँसी दुखनाशक है

2) **'प्राण-रक्षा' में कौन-सा समास है?**

क) तत्पुरुष  ख) अव्ययीभाव  ग) बहुव्रीहि  घ) कर्मधारय

3) **कौन-सी हँसी मन को प्रफुल्लित कर देती है -**

क) मुक्त ख) ठहाकेदार ग) हर वक्त की घ) सुअवसर की हँसी

4) **आशय स्पष्ट कीजिए - मुर्दादिल क्या खाक जिया करते हैं?**

क) मुर्दादिल लोग खाक छानते हैं ख) मुर्दादिल लोग बेकार जीते हैं

ग) खाक छानने वाले लोग मुर्दादिल होते हैं घ) उदास-निराश लोग रोज मरते हैं

5) **किसका जीवन व्यर्थ माना गया है?**

क) रोने वालों का ख) मुर्दादिल लोगों का

ग) कलाहीन लोगों का घ) हँसने वालों का

**3. निम्नलिखित में से किन्हीं चार वाक्यों में रेखांकित पदबंध का भेद लिखिए। 4 × 1 = 4**

1) **आदर्शों का पालन करने वाले ही समाज को ऊपर उठा जाते हैं।**

क) विशेषण पदबंध ख) क्रिया पदबंध

ग) संज्ञा पदबंध घ) सर्वनाम पदबंध

2) **अरुणिमा धीरे-धीरे चलते हुए वहाँ जा पहुँचे।**

क) क्रिया विशेषण पदबंध ख) क्रिया पदबंध

ग) विशेषण पदबंध घ) सर्वनाम पदबंध

3) **मौत से जूझने वाला मैं मर नहीं सकता-वाक्य में सर्वनाम पदबंध है**

क) मैं मर नहीं सकता ख) मौत से जूझने वाला मैं

ग) मौत से घ) मर नीहं सकता

4) **वह रोज़ मंदिर जाता रहता था।**

क) क्रिया पदबंध ख) विशेषण पदबंध ग) क्रिया विशेषण घ) संज्ञा पदबंध

5) **जीतने वाले खिलाड़ी इसी शहर के हैं।**

क) संज्ञा पदबंध ख) सर्वनाम पदबंध ग) क्रिया पदबंध घ) विशेषण पदबंध

**4. निम्नलिखित प्रश्नों में चार प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर लिखिए : 4 × 1 = 4**

1) **नीचे दिए गए वाक्यों में से मिश्र वाक्य का उदाहरण है -**

क) वह अपराधी था, इसलिए उसे संज्ञा मिली।

ख) जैसे ही माताजी ने काम समाप्त किया, त्यों ही घर में मेहमान आया।

ग) वह जूते केलिए बाज़ार गया

घ) रात हुई और आकाश में तारों का मेला लग गया।

2) **मोहन ने समझाया कि संगम में ही सुख है। (रचना के आधार पर वाक्य भेद है।)**

क) सरल वाक्य　　ख) संयुक्त वाक्य　　ग) मिश्र वाक्य　　घ) उपवाक्य

3) **अचानक पुलिस आई, जिससे गली में सन्नाटा छा गया। (मिश्र वाक्य में बदलिए)**

क) पुलिस आई इसलिए सन्नाटा आई।　　ख) पुलिस आने से सन्नाटा आया।

ग) ज्यों ही अचानक पुलिस आई, त्यों ही गली में सन्नाटा आ गया।

घ) पुलिस आई और सन्नाटा आ गया।

4) **निम्नलिखित वाक्यों में से सरल वाक्य का उदाहरण है -**

क) मैं ने एक व्यक्ति को देखा, जो बहुत लंबा था　　ख) मैं ने एक बहुत लंबा व्यक्ति को देखा

ग) मैं ने देखा वह लंबा था　　घ) मैं ने एक व्यक्ति को देखा और लंबा था

5) **तुम सखत आदेश देकर उस पर डटे रहो। वाक्य का संयुक्त वाक्य है -**

क) तुम संख्त आदेश दो और उस पर डटे रहो　　ख) तुम संख्त आदेश दे

ग) जो सख्त आदेश दे वह डटे रहो　　घ) तुम संख्त आदेश पर दो

**5. समास विषय पर आधारित निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर लिखिए।**

**4 × 1 = 4**

1) **'अष्टसिद्धि' शब्द का समास है -**

क) तत्पुरुष　　ख) द्विगु　　ग) अव्ययीभाव　　ग) बहुव्रीही

2) **'कनक के समान लता' - का समस्त पद है -**

क) कनकलता　　ख) कनक लता　　ग) कनक　　घ) कनक समान लता

3) **'चक्र धर' का विग्रह और समास है -**

क) चक्र घर - तत्पुरुष　　ख) चक्र को धारण करने वाला - बहुव्रीही

ग) चक्र का घर - बहुव्रीही　　घ) चक्र के समान घर - कर्मधारय

4) **'आमरण' शब्द में कौन-सा विग्रह है**

क) तत्पुरुष समास　　ख) अव्ययीभाव　　ग) द्विगु समास　　घ) कर्मतत्पुरुष

5) **कौन-सा युग्म सही है -**

क) भयाकुल - तत्पुरुष समास　　ख) चौराहा - बहुव्रीही समास

ग) महाजन - द्विगु समास　　घ) माता-पिता - तत्पुरुष समास

**6. मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर लिखिए।　　4 × 1 = 4**

1) **'हाथ विशाल होना' मुहावरे का क्या अर्थ है।**

क) बहुत समर्थ होना　　ख) सहायता करना

ग) कष्ट उठाना　　घ) मेहनत का कमाई

2) **'चुप होना' वाक्य का मुहावरा क्या है?**

क) सिर झुकना ख) सिर पर चढ़ाना ग) पास फटकना घ) मुँह बंद होना

3) **देशभक्ति के सरकार बालकों के मन में .......... कर भर देना चाहिए। (उचित मुहावरा से पूरा करो)**

क) काम तमाम करना ख) चमड़ी उधेड़ना

ग) कूट-कूट कर भरना घ) गिद्ध दृष्टि

4) **आजकल लोग छोटी - छोटी परेशानी में भी ............ करने लगते हैं।**

क) तार-तार होना ख) हाय-हाय करना ग) सस्ता सौदा घ) तू-तू, मैं-मैं

5) **'हावी होना' मुहावरे का अर्थ क्या है?**

क) प्रभावी होना ख) प्रकट होना ग) ढाढ़स बँधाना घ) आँख भर आना

## 'खंड ब' पाठ्य पुस्तक

**7. निम्नलिखित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प छाँटकर लिखिए - 5 × 1 = 5**

कोई कहीं सहायक न मिले
तो अपना बल पौरुष न हिले;
हानि उठानी पड़े जगत में लाभ अगर वंचना रही
तो भी मन में ना मानूँ क्षय।

1) **कोई सहायक न मिलने पर कवि क्या चाहता है?**

क) प्रभु सहायता करें ख) प्रभु शक्ति दें

ग) कवि दुख से न रोए घ) कवि का आत्मबल कम नहीं

2) **संसार में हानि उठाने का क्या आशय है?**

क) धन की हानी ख) मान की हानि ग) ज्ञान की कहानी घ) तीनों

3) **'लाभ अगर वंचना रही' का आशय क्या है?**

क) अगर लाभ मिला ख) अगर धोखा ही धोखा मिला

ग) अगर लाभ में कमी रही घ) अगर लाभ मुझे धोखा देता रहे

4) **'क्षय' का अर्थ है -**

क) नाश ख) कमी ग) समाप्ति घ) अल्प

5) **कवि दुख और हानि में प्रभु से क्या चाहता है?**

क) बल ख) पौरुष ग) क्षय से बचाव घ) पतन

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने केलिए उचित विकल्प का चयन कीजिए - $2 \times 1 = 2$**

i) **सर कटने पर भी सैनिक को गम क्यों नहीं है?**

क) उसने अपना मान बचा लिया
ख) उसने हिमालय की रक्षा कर ली
ग) उसने शत्रु का संहार कर दिया
घ) उसने नारी की इज्जत बचा ली

ii) **मीरा श्रीकृष्ण को देखने केलिए क्या करना चाहती है?**

क) नौकरी
ख) मालिक
ग) दोस्त
घ) दुश्मनी

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर केलिए सही विकल्प का चयन कीजिए। $5 \times 1 = 5$**

सुभाष बाबू के जुलूस का भार पूर्णोदास पर था पर यह प्रबंध कर चुका था। स्त्री समाज अपनी तैयारी में लगा था। जगह-जगह से स्त्रियाँ अपना जुलूस निकालने की तथा ठीक स्थान पर पहुँचने की कोशिश कर रही थीं। मोनुमेंट के पास जैसा प्रबंध भोर में था वैसा करीब एक बजे नहीं रही। इससे लोगों को आशा होने लगी कि शायद पुलिस अपना रंग न दिखलावे पर वह कब रुकने वाली थी। तीन बजे से ही मैदान में हज़ारों आदमियों की भीड़ होने लगी और लोग टोलियाँ बना-बनाकर मैदान में घूमने लगे। आज जो बात थी वह निराली थी।

1) **'सुभाष बाबू के जुलूस' का क्या तात्पर्य है?**

क) सुभाषचंद्र बोस का अभिनंदन करने वाला जुलूस
ख) सुभाषचंद्र बोस के नेतृत्व में निकलने वांला जुलूस
ग) सुभाषचंद्र बोस द्वारा प्रेरित जुलूस
घ) वो जुलूस, जिसमें सुभाष बाबू को सरेआम दंडित किया जाना था

2) **यह आंदोलन किनका था?**

क) नारियों का
ख) पुरुषों का
ग) जन-जन का
घ) युवकों-युवतियों का

3) **यह आंदोलन किसलिए किया गया?**

क) अन्याय के विरुद्ध
ख) अंग्रेज़ों के विरुद्ध
ग) भारत की आज़ादी के लिए
घ) महँगाई के विरुद्ध

4) **लोगों की पुलिस से क्या आशा थी -**

क) वह खूब अत्याचार करेगी
ख) वह शांत रहेगी
ग) वह आंदोलन में सहयोग करेगी
घ) वह तटस्थ रहेगी

5) **आज के दिन को निराला क्यों कहा गया है?**

क) इस दिन स्वतंत्रता का पहला आंदोलन था
ख) सारे लोग पूरे जोश में थे
ग) नारियाँ भी समर्पित थीं
घ) प्रबंध बहुत अच्छे थे

**10. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर देने केलिए उचित विकल्प का चयन कीजिए। $2 \times 1 = 2$**

1) **'महज इम्तिहान पास कर लेना कोई चीज़ नहीं, असल चीज़ है बुद्धि का विकास' ऐसा कहकर लेखक कहना चाहता है कि -**

क) शास्त्र विद्या अहंकार को जन्म देती है

ख) हमें उत्तम अंक लाने का प्रयास करना चाहिए

ग) शिक्षा प्राप्त करने का परम उद्देश्य विवेकशील करना है

घ) शिक्षा से बुद्धि का विकास नहीं होता

2) **किस घटना से कबूतर-कबूतरी उदास हो गए?**

क) अपनी रास्ता बंद देखकर    ख) अपने बच्चों को अपने-से अलग देखकर

ग) अपना घोंसला टूट देखकर    घ) स्वयं को उजड़ता देखकर

**11. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो। $3 \times 2 = 6$**

1) वज़ीर अली कौन था? उसकी चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कर बताइए कि उसने कर्नल से कारतूस कैसे प्राप्त लिए?

2) जापान में अधिकांश लोगों के मनोरुग्ण होने के क्या कारण है? तनाव से मुक्ति दिलाने से झेन परंपरा चा-नो-यू विधि किस प्रकार सहायक है?

3) युवती ने तताँरा को बेरुखी के साथ क्या जवाब दिया? तताँरा को कैसे लगा?

**12. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो। $3 \times 2 = 6$**

1) बिना पानी और साबुन के उपयोग के निर्मलता कैसे आ सकती है? कबीर के दोहे के आधार पर उत्तर दीजिए।

2) 'पर्वत प्रदेश में पावस' के आधार पर प्रकृति के परिवर्तन को संक्षेप में लिखिए?

3) 'आत्मत्राण' कविता की प्रार्थना अन्य प्रार्थना गीतों से अलग कैसे है?

**13. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दो - $3 \times 2 = 6$**

1) इफ़्फ़न और टोपी दोनों की घरेलू परंपराएँ कैसी थीं? - 'टोपी शुक्ला' कहानी के आधार पर लिखिए?

2) 'सपनों के से - दिन' पाठ के आधार पर बताइए कि लेखक छात्र जीवन में छुट्टियों का काम पूरा करने केलिए क्या - क्या योजनाएँ बनाता था?

3) ठाकुर बारी की स्थापना कैसे हुई और गाँव वालों का ठाकुरबारी से घनिष्ठ संबंध होने का क्या कारण थे?

**वर्णनात्मक प्रश्न**

**14.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **5**

1) **विद्यार्थी जीवन और चरित्र निर्माण**

- संपूर्ण जीवन की आधारशिला
- चरित्र निर्माण
- आवश्यकता
- देश व समाज केलिए उपयोगी

2) **दौड़ती हुई जिंदगी**

- कैसे
- कारण
- आवश्यकताओं में वृद्धि
- क्या करे

3) **इंटरनेट : एक संचार क्रांति**

- अर्थ
- संचार जगत में क्रांति
- ज्ञान का भंडार
- शिक्षा में साहयक
- दोष एवं प्रभाव

**15.** आपके मोहल्ले में प्रकाश की व्यवस्था कम है। विद्युत - अधिकारी को इस विषय का एक पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

अपने घर में चोरी हो जाने की सूचना देते हुए पुलिस थाना - अधिकारी को पत्र लिखिए।

**16.** आपके विद्यालय में एक बडआ मिला है, जिसमें कुछ रुपयों के साथ कुछ ज़रूरी कार्ड भी हैं। छात्रों से इसके मालिक की पूछताप और वापस पाने की प्रक्रिया बताते हुए 25-30 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। **4**

**अथवा**

अपनी बस्ती को स्वच्छ रखने हेतु कल्याण समिति के सचिव होने के नाते इससे संबंधित सूचना 40-50 शब्दों में लिखिए।

**17.** दिल्ली पुस्तक मेले में भाग ले रहे 'क.ख.ग. प्रकाशन' की ओर से लगभग 50 शब्दों में एक विज्ञापन का उल्लेख तैयार कीजिए। **3**

**अथवा**

किसी कलम बनाने वाली कंपनी केलिए 'लेखनी' नाम से नए उत्पाद हेतु लगभग।

**18.** दिए गए विषय के आधार पर रचनात्मक सोच के साथ लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए। **5**

**अथवा**

अपने विद्यालय के प्राचार्य Modern10S@gmail.com. को पत्र लिखकर घर में होने वाले विवाह-समारोह की सूचना देते हुए दो दिनों का अवकाश पढ़िए।